Tiria, Kumari Sushila
Tiwari, Shri Narayan Datt
Tripathi, Shri Chandrika Prasad
Tyagi, Shri Shanti
Valiullah, Shri Raoof
Verma, Shri Kapil
Verma, Shrimati Veena
Verma, Shri Virendra
Vikal, Shri Ram Chandra
Yadav, Shri Jagdambi Prasad
Yadav, Shri Ramanand
Yadav, Shri Sharad

NOES—1

Gopalsamy, Shri V.

The motion was carried by a majority of the total membership of the House and by a majority of not less than two-thirds of the Member present and voting

MR CHAIRMAN. Now, Shrimati Krishna Sahi, kindly continue your speach.

THE ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION BILL 1987 contd

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : सभापति महोदय, कल मैं सदन में निवेदन कर रही थी कि ... **(व्यवधान)**

[उपसभाध्य (श्री हेच० हनुमनतप्पा) पीठासीन हुए]

उपसभाध्यक्ष महोदय, कल मैं सदन में निवेदन कर रही थी कि ए आई सी टी० ई० द्वारा निर्धारित मानदण्ड, मार्ग निर्देश जो उनके द्वारा किया जाना था, उसके विपरीत काम होने लगा था। परिणाम यह निकला कि बडी संख्या में इंजीनियरिंग कालेजों की अनियोजित ढंग से स्थापना हुई और काफी भारी भरकम कैपीटेशन फीस एन्ट्री फीस के रूप में ली जाने लगी। अनेक कालेजों में उनकी स्थापना के समय जो इन्फ्रास्ट्रक्चर होना चाहिए था उसकी भी कमी नजर आती थी। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कानूनी अड़चन और जो प्रक्रियात्मक कठिनाइयां है उनको समाप्त करने के लिये यह विधेयक सदन में लाया गया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहा तक मुझे स्मरण है कल सदन में 5 मुद्दे उभरकर आये थे जिन पर माननीय सदस्यो ने अपने विचार प्रकट किये थे। परिषद् के गठन संबंधी, अधिकारो का केन्द्रीयकरण, राज्य सरकारो से विचार, राज्यों के अधिकार और कानकरेंसी, गुणात्मक विकास और संदर्भित उपयोगिता इन 5 मुद्दों पर मैं अपना स्पष्टीकरण देना चाहूंगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने की प्रक्रिया में राज्यों के शिक्षा मंत्रियो के कई सम्मेलन आयोजित किये गये जहा पर ए० आई० सी० टी० ई० को सामविधिक बनाने की मांग का समर्थन हुआ। तत्पश्चात् केन्द्रीय शिक्षु सलाहकार बोर्ड की बैठकों में भी इस विषय पर पूर्ण-रूपेण विचार विमर्श किया गया और इसे स्वीकृत भी किया गया। यह उल्लेखनीय है कि यह संस्था, शिक्षा सलाहकार बोर्ड देश की सर्वोच्च सस्था है, अगर मैं यह कहूं तो कोई अतिश्योक्ति नही होगी। संसद के दोनों सदनों में इसकी माग की गयी और इसके पूर्व जैसे कि कल कहा गया कि राज्यों से सलाह मशिवरा नही किया गया तो सन् 1981 में भी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों ने ए० आई० सी० टी० ई० को सामविधिक बनाने की मांग की थी। मै सदन को बताना चाहूंगी कि राज्य सचिवों एवं शिक्षा मंत्रियों से अगस्त, 1985 में विचार विमर्श किया गया, 1986 फरवरी में किया गया, सी०ए०डी० जिसमें सभी शिक्षा मंत्री थे, अगस्त, 1986 में उन लोगों से सम्मेलन में एक विचार विमर्श हुआ, नेशनल डेवेलपमेंट काउंसिल में, शिक्षा मंत्रियों की तो बात अलग है, मुख्य मंत्रियों से भी विचार विमर्श हुआ और उनके जो विचार थे उसी के अनुसार काम किया गया है। जो नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल है उसमें

मुख्य मत्री लोग भी रहते है। उसके बाद बजट की चर्चा में तथा राष्ट्रीय नयी शिक्षा नीति और प्रोग्राम आफ एक्शन की जब सदन में चर्चा चल रही थी तो उस समय भी सदन मे चर्चा हुई, उसके बाद फिर सी०ए०डी० ने जून, 1987 में तकनीकी शिक्षा पर विचार-विमर्श किया।

दूसरी बात जो महत्वपूर्ण है वह यह कि राज्य सरकारो के अधिकारो के हनन की चर्चा की गयी। मैं निवेदन करना चाहूगी कि यह शका बिल्कुल निर्मूल है। इसकी भी चर्चा की गयी और कानकरेंट लिस्ट का सवाल भी उठाया गया था। मैं यह स्पष्ट करना चाहूगी कि यह शका निर्मूल है। युनियन लिस्ट की एन्ट्री 66 के सदर्भ में केन्द्रीय सरकार पर कोआरडिनेशन और मेंटिनेंस आफ स्टैंडर्ड की जो जिम्मेदारी सौपी गयी है उसी की पृष्ठभूमि मे यह विधेयक लाया गया है।

और जो लोक प्राक्कलन समिति की अनुशंसा आश्वासन समिति, राज्य सरकारो के मंत्री, पदाधिकारी, शिक्षाविद, जब इन सबो से विचार-विमर्श कर लिया गया और एक मत से सबों ने इसकी मांग की तथा केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक में जब मानिट्रिंग के बिंदु पर विचार हुआ, तो उस समय भी विचार किया गया, फिर यह कैसे माननीय सदस्यों को शंका होती है कि यह प्रजातांत्रिक जो हमारी पद्धति है, उसका हनन् किया गया, या राज्य सरकारों से इसमें विचार-विमर्श नही किया गया है;

कुछ माननीय सदस्यो ने कम्पोजीशन आफ दी कौंसिल, परिषद् की संरचना पर अपनी चिंता व्यक्त की है। परिषद् मे कुल 51 सदस्यों मे से केंद्रीय सरकार के प्रतिनिधियो की सख्या केवल आठ है। भिन्न-भिन्न संस्थाओ के प्रतिनिधि होंगे, राज्य सरकारे और स्वायत्त जो हमारी सस्थाये होगी, वह स्वयं नाम भेजेंगे और हमारी भारत सरकार के तो बहुत कम लोग इसमे रहेंगे। हरेक राज्य का प्रतिनिधि भी इसमें रहेगा।

कई माननीय सदस्यो ने यह भी बताया कि परिषद् मे तकनीकी विशेषज्ञो की संख्या अधिक से अधिक हो। वास्तव मे ऐसे ही इसमे प्रावधान भी किया गया है। कुछ पदेन सदस्यो को छ ड़ कर शेष सदस्य अपनी विशेषज्ञता के आधार पर ही लिये जायेंगे। परिषद् के सदस्यो मे से कुछ जो नामजद सदस्य, विशेषज्ञ हीं है, जैसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष होंगे, शिक्षा सलाहकार होंगे या महानिदेशक आई०सी०ए०आर० होंगें, इत्यादि--इन सब लोगो का प्रतिनिधित्व उसमे होगा।

कुछ सदस्यों ने परिषद् की संरचना मे अध्यापकों के योगदान की बात चलाई है। तो अध्यापको का इसमे क.फी बाहुल्य रहेगा, उनका योगदान बिलकुल ही कारगर ढग से लिया जाएगा और सुझाव है कि इसमे विशेषकर आई० आई० टी० के निदेशको को भी सदस्य बनाया जाना चाहिए। ऐसा सुझाव भी कल आया था। परिषद् मे अध्यापकों के प्रतिनिधित्व की व्यास्था भी की गई है, जैसे क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष के रूप में बोर्ड आफ स्टडीज के रूप मे प्रोफैशनल जो बाडीज होगी, उनके रूप मे इनमे सभी प्रख्यात शिक्षाविद होंगें। इसमे आई० आई० टी० के निदेशक भी शामिल होंगे।

एक और मुख्य बात उठाई गई थी कि क्षेत्रीय समिति की सरचना जो होगी, उसकी चर्चा भी यहा की गई थी। क्षेत्रीय समिति की संरचना जो अधिकतर राज्यों से होती है, मतलब जो उनके द्वारा मनोनयन किया जाता है, जिसका मुख्य कार्य तकनीकी शिक्षा का विकास करना ही है। अतएव केंद्रीय स्तर से क्षेत्रीय समिति के लिए जो मनोनयन करने का प्रश्न है, वह बिल्कुल निराधार है।

एक जो माननीय सदस्य ने चर्चा उठाई थी, वह यह कि इस विधेयक के पूर्व ए० आई० सी० टी० के सदस्य जो सचिव थे, वह भी सचिव के स्तर के

[श्रीमति कृष्णा साही]

होते थे, परन्तु अब जितनी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका हो गई है, उसके संदर्भ में जो सदस्य सचिव हम बनाने जा रहे हैं, वह शिक्षा के सब से उंचे स्तर के जो पदाधिकारी होंगे, उनको इसमें रखा जाएगा ।

किसी माननीय सदस्या ने कल यह प्रश्न उठाया था कि विभिन्न विषयो के पढ़ाये जाने की समुचित व्यवस्था तकनीकी शिक्षा सस्थाओ में नहीं है । उदाहरण स्वरूप उन्होने एयरोनाटिकल इंजीनियरिग, ओशन इजीनियरिग की बात कही है । यह सही नही है । स्वयं तो वह उपस्थित नही है, लेकिन मै उनको सदन के माध्यम से, आपके माध्यम मे बताना चाहती हूं कि विधेयक मे इन विषयों की विस्तृत सूची तो देना अभी संभव नही है, मेरे पास सूची है, यदि वह चाहेंगे, तो उनको भेज दी जाएगी । परन्तु इन विषयों के शिक्षण की भी व्यवस्था है । नई टैक्नालोजी पर विशेष ध्यान देने के लिए तीन निम्नलिखित योजनाएं बनाई जा रही हैं --

1--एरिया आफ मैनेजिग टैक्नालोजी, जिसमे 16 विषय लिये जायेगे ।

2- एरिया आफ टैक्नालोजी--जहा कमी आती है, जिसमें दस विषय लिये जायेंगे, और

3- इम्प्रूव्ड एण्ड स्पेशलाईज्ड फील्ड्स आफ टैकनालोजी, इसमे 46 विषय लिये जायेगे ।

इसकी सूची भी मेरे पास है, जो मै भेज सकती हूं ।

इसके अतिरिक्त इन लोगों ने यह भी सवाल उठाया था कि देहाती क्षेत्र को इसमे इग्नोर किया गया है, लेकिन ऐसी बात नही है । रूरल टैक्नालोजी का इसमे ध्यान दिया गया है ।

अब मै संक्षेप मे कहना चाहती हूं कि यह जो विधेयक है, उसमें प्रावधान है कि नई तकनीकी संस्थाएं एवं उनमें नये पाठ्यक्रम ए० आई० सी० टी० की अनुमति प्राप्त कर ही प्रारम्भ किये जायेगे । तकनीकी संस्थाओ के द्वारा लिए जाने वाले शुल्क का मापदण्ड ए० आय० सी० टी० ही निर्धारित करेगी । मेरिट पर नामाकन मे प्रवेश के लिए ए० आई० सी० टी० नियम बनाएगी । तथा तकनीकी संस्थाओ का मार्गदर्शन करेगी । यह सारा प्रावधान किया गया है । यह तकनीकी संस्थाओ के पाठ्यक्रमों का समय-समय पर मूल्याकन करेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर ऐसी संस्थाओं को भी डिरोक-नाइज करेगी जो ए० आई० सी० टी० के क्रायटेरिया को फुलफिल नही करेगी । तकनीकी शिक्षा में गुणात्मक विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए जाएंगे और यह व्यवस्था की जाएगी कि महिलाएं, विकलाग तथा समाज के कमजोर वर्ग के लोगो को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र मे प्रवेश मिल सके । यह तो इसके प्रावधान हुए । इसके साथ ए० आई सी टी० को जो संविधिक अधिकार प्राप्त हो जाएंगे । तो उसमें तीन मुख्य बाते आएंगी--संपूर्ण देश में तकनीकी शिक्षा पद्धति का आयोजन और समन्वित विकास, तकनीकी शिक्षण का योजनाबद्ध तरीके से विकास तथा उसके गुणात्मक विकास में वृद्धि । तकनीकी शिक्षा पद्धति का नियमन, मापदण्डों तथा स्तरो को व्यवस्थित किया जाएगा ।

सभापति महोदय, अगर ऊपर के दो नम्बर में जो बातें बतायी है ये अगर अच्छी तरह से रेगुलेट हो जाएं तो फिर रेगुलेशन के रूप मे इसे अधिक काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी । बल्कि यह जो विधेयक है इसकी भूमिका केवल रेगुलेशन के रूप में नही है बल्कि इसमे कोआर्डिनेशन, प्लानिंग और क्वालिटी सभी इसमे शामिल है । मैं आशा करती हूं कि माननीय सदस्यो ने जो बिदु उठाए है, जो समस्याएं उठायी हैं, उनका मैंने निराकरण किया है और अंत मै यही कहूंगी कि हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उसकी कार्य-योजना को अनुमोदित करते समय अन्य बातों के अलावा शिक्षा परिषद् को संविधिक अधिकार प्रदान करने

के लिए केन्द्र सरकार द्वारा उपयुक्त विधेयक प्रस्तुत करने की व्यवस्था थी ताकि वह परिषद् को सौपी गयी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सके। मै सदन मे निवेदन करूंगी कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र मे आने वाली कठिनाइयो को दूर करने एव तकनीकी शिक्षा के विकास की गति को तेज करने वाले इस विधेयक को पारित किया जाय। यह मेरा निवेदन है।

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI H. HANUMANTHAPPA) The question is :

That the Bill to provide for the establishment of an All India Council for Technical Education with a view to the proper planning and coordinated development of the technical education system throughout the country, the promotion of qualitative improvement of such education in relation to planned quantitative growth and the regulation and proper maintenance of norms and standards in the technical education system and for matters connected therewith, be taken into consideration.

The motion was adopted

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H HANUMANTHAPPA): We shall now take up the clause by-clause consideration of the Bill

Clauses 2 to 25 were added to the Bill.

Clause 1, the enacting formula and the Title were added to the Bill. ..

श्रीमती कृष्णा साही : मैं प्रस्ताव करती हूं कि विधेयक को पारित किया जाय।

The question was put and the motion was adopted.

On Price Situation in the Country—Short Duration Discussion —contd.

श्री शरद यादव (उत्तर प्रदेश) : उपाध्यक्ष महोदय, मंहगाई के ऊपर चर्चा हो रही है। इस चर्चा के महत्व का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज पूरी सरकार गायब है। अगर कृष्णा साही जी बैठी न होती तो इनका विधेयक नहीं आता।

श्रीमती कृष्णा साही : जी ?

श्री शरद यादव : यदि आपका विधेयक नही होता तो शायद आप भी यहां नहीं होती। उपसभाध्यक्ष जी, मैंने कल भी कहा था कि इसका वक्त जो आपने रखा है, इसने विषय के महत्व को घटाया है। परसों, बीता हुआ परसो, जब मैं श्री एच० के० एल० भगत जो मंत्री है भारत सरकार के, उन की सफाई सुन रहा था। इस बहस के बीच मे ही उन्होने अपनी सफाई देने का काम किया। उन के वक्तव्य को मै ने बहुत ध्यान से सुना और लगातार जो तीन, चार दिन से मंहगाई पर बहस हो रही है उसको मैं ने ध्यान से सुना है। जब भगत जी बोल रहे थे तो मै ने देखा कि उन का पूरा बयान सतही था। वह मंहगाई का मुकाबला कैसे करेंगे इस के लिये उन का पूरा बयान सतही इलाजों से भरा हुआ था। वह जोर जोर से मंहगाई को डाटने डपटने का काम जारी किये हुए थे और मुख्य रूप से महंगाई के मुकाबले के लिये उन्होने दो उपाय बताये। नम्बर एक यह कि पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को वह दुरुस्त करेंगे और नम्बर दो कि कंज्यूमर मूवमेंट को मजबूत करना है। आप उन के पूरे बयान को मनोयोग से देखने का काम करिये, उन्होने इन दो के अलावा कोई तीसरा उपाय नही बताया। मैं अपनी बहस को शुरू करने से पहले कहना चाहता हू कि इस सवाल को राजनीतिक सवाल नही बनाया जाना चाहिए। निश्चित तौर पर इस सवाल को राजनीतिक सवाल न बनाया जाये, लेकिन जो कारण महंगाई बढ़ने के है उन पर

[श्री शरद यादव]

यदि पूरी बहस नहीं होगी तो उन कारणों का निदान नहीं होगा और उसका मुकाबला नहीं किया जा सकेगा। महंगाई सरकार के सामने और इस देश के गरीब लोगों के सामने एक चुनौती है। इस के कारण क्या रहे ? उसका मुकाबला कैसे होगा ? इस पर बहस नहीं होगी तो मैं मानता हूं कि महंगाई को रोकना आपके वश में नहीं होगा। देश की आजादी के बाद पहली पंचवर्षीय योजना में महंगाई स्थिर रही है। 15 प्रतिशत उस समय महंगाई की मान्यता थी और उसके बाद जितनी पंचवर्षीय योजनायें आती रही है लगातार उनमें यह बढ़ती रही है। दूसरी योजना में 25 फीसदी, तीसरी में 35 फीसदी, चौथी योजना में 45 फीसदी और पांचवी योजना में तो 60 फीसदी महंगाई बढ़ गयी और छठी में फिर 45 फीसदी बढ़ी और सातवीं योजना के दौर से तो हम गुजर रहे है और फिर भी इस रोग की चर्चा और उस पर बहस में हम तीन, चार दिन में लगे हुए है। मेरे कहने का मतलब यह है कि लगातार देश में आजादी आने के बाद महंगाई बढ़ती रही है और महंगाई बढ रही है। जो कांग्रेस पार्टी, सरकारी पार्टी के संसद् सदस्य है उनकी जबान से, उनके मुख से भी सुनने को मिला कि 1947 के एक रुपये की कीमत आज एक पैसे से भी कम है। वीरेन्द्र पाटिल जी उनके मन्त्रिमंडल में रहे है। उनका कहना है कि आज एक रुपये की कीमत 1960 के साल में 12 पैसे है। सरकार कहती है कि 13 पैसे है। मेरे कहने का मतलब है कि कभी इतिहास में हमने सुना था कि जब चीन में दूसरे विश्व युद्ध में महंगाई बढ़ी थी तो चीन का आदमी झोले में नोट भर कर ले जाता था और जो सामान खरीद कर वह लाता था वह उन नोटों से कम होता था। चीन में यह परिस्थिति थी कि जितने नोट वह ले जाता था उससे कई गुना कम वजन का सामान वह बाजार से ला पाता था। हिन्दुस्तान में भी यही हाल होने वाला है। जो महंगाई के कारण हैं उन पर बहस होने का काम नहीं हुआ। विरोधी पक्ष के लोगों ने अपनी बात रखी है और आंकड़े देने का समय नहीं है। यह बहस बहुत लम्बी चली है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि सारे विरोधी पक्ष के लोगों ने इस संपूर्ण रोग की तरफ आप का ध्यान लाने का काम किया है। महोदय, उत्पादन साधनों से लेकर जो आपका घाटे का बजट है जो फिजूलखर्ची है, जो आपने हिन्दुस्तान में आजादी के बाद चलाई है, आजादी के आंदोलन का जो बहुत बड़ा सिद्धान्त था मितव्ययिता को, उसको आपने छोड़ा है, उससे हिन्दुस्तान की बरबादी हुई है। हमारे माननीय तिवारी जी कभी जवानी की उम्र में अच्छाइयों से भरे हुए थे। मैं उस जमाने के तिवारी जी को कहना चाहता हूं कि उनका उस समय का जो दर्द था वह आज तक बना हुआ है, भले ही वह सरकारी पार्टी में चले गए है। लेकिन हिन्दुस्तान के गरीबों के कष्ट बढ़े है, हिन्दुस्तान की गरीबी बढी है। हमने सब तरह के खर्चों का जिक्र छोड दिया, लेकिन सुरक्षा और पुलिस का ही खर्च आजादी के बाद से लगातार बढ़ता गया है। आजादी के बाद से आज तक पुलिस का खर्च 27 फीसदी बढ़ गया है। बजट आपका लगातार बढ़ता जा रहा है सुरक्षा और पुलिस के मामले में आपकी जान खुद फंस गई है, आपको अपनी जान बचाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने पड रहे है। देश की सुरक्षा का जहां तक सवाल है, उसको तो मैं मान लेता हूं, लेकिन देश की सुरक्षा में भी हमने बहुत ही ज्यादा खर्च करना आरम्भ कर दिया है। हमने फौज पर इतना खर्चा बढा दिया है, जब कि हमारे देश का कोई दुश्मन नहीं है। पहले हिन्दुस्तान एक था उसके दो टुकड़े हो गए, उसके अलावा हमारी किसी से लड़ाई नहीं है। अरबों रुपया हमारी सुरक्षा के नाम पर चला जाता है। हमारी किसी से लडाई नहीं है, किसी से मुकाबला नहीं है। चीन के साथ हम मुकाबला करना ही नहीं चाहते। माननीय तिवारी जी विदेश मंत्री भी थे, वित्त मंत्री अब है और सदन के नेता है। लेकिन तिब्बत जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न है

उस पर हम चीन से बात नही करते। पाकिस्तान कुछ करे तो फौरन हम उसके बारे मे बोल देते हैं। इसलिए आपकी नियत साफ नही है। हम केवल कमजोर को दुश्मन देखना चाहते है। पाकिस्तान की आबादी हिन्दुस्तान मे कई गुना कम है। 9 पर हम 80 मैबर है। 9 के साथ हम 80 लोगो को लडाना चाहते है। लेकिन हमारा अरबों रुपया सुरक्षा पर खर्च होता है। हमने भवन निर्माण के लिए एशियाड किया। उससे लेकर आज तक फिजूल खर्ची कम नही होती है। हमने कई तरह की कटौती न करने का काम किया है, नए टैक्स लगाने का काम किया है। अगर हम फिजूलखर्ची रोकते तो टैक्स लगाने की जरूरत नही पडती। घाटे की अर्थ-व्यवस्था हमारी बीमारी है, हिन्दुस्तान का जो उत्पादक है, जो अपना पसीना बहाकर उत्पादन करता है उसको वाजिब दाम नही मिलता। हिन्दुस्तान के खेत, खलिहानो मे और कारखानो में उत्पादित माल के दामो मे कोई समन्वय नही है। लगातार आपने अय्याशी का जो सामान बनाने वाले कारखाने है उनको बढावा दिया है, आपने फिजूलखर्ची और उपभोक्ता संस्कृति को पनपाया है जो हिन्दुस्तान मे महंगाई बढाने का बहुत बडा कारण रही है। आपने टी वी से लेकर जो सचार की व्यवस्था है, जिस पर आपने पैसा खर्च किया है जैसे कंप्यूटराइजेशन पर, माडर्नाइजेशन पर, इन सारी बातो से हिन्दुस्तान का बेरोजगार और बेरोजगार हो गया है। लाखो करोड़ो हाथों को आप राष्ट्र निर्माण में लगाते, लेकिन वे आज बोझा बने हुए है, वे बेकार पडे हुए है। उनसे हम राष्ट्र निर्माण का काम नही लेते है। मेरे कहने का मतलब यही है कि हमने जो मेहनत करने वाले है उनको वाजिब दाम नही दिए, उपभोक्ता संस्कृति को बढावा दिया, अय्याशी के जो कारखाने है वे आपके मुनाफा कमा रहे है और बाकी उत्पादन के कारखाने घाटे मे चल रहे है। जो उद्योग धंधे हमारे हाथ मे है, जिनमे सरकार मिनरल्स पैदा करती है वे कारखाने सरकार के हाथ मे है लेकिन लोहे बनाने के कारखाने घाटे मे चल रहे है। यानी सारे कारखाने घाटे मे चल रहे है। खाद के कारखाने घाटे मे चल रहे है इसलिए कि दाम नहीं बढ़ रहे है। खाद के दाम जिस तरह से बढ़ने चाहिये थे नही बढ़ रहे है। खाद के कारखाने व्यवस्थित तौर पर नही चलाए जाते। उनकी जितनी कैपेसिटी है पैदा करने की उतनी वह पैदा नही करते। अगर किसी खाद के कारखाने की कैपेसिटी 100 फीसदी है तो वह कारखाना 25, 30, 35 फीसदी खाद ही पैदा कर रहा है। इसके कारण ही खाद की कीमतों मे कमी आयी है। जो कारखाने सरकार के हाथ मे है जैसे लोहे के, ताम्बे के, रेल के, डाक के उनकी कीमतों का क्या हाल है आप जानते है। जो पूजीपति है वह व्यापार करके मुनाफा कमाना चाहते है उससे ज्यादा हमने मुनाफा कमाना शुरू कर दिया है। हमारा प्रबन्ध निकम्मा है। पब्लिक सेक्टर के जो प्रबंधक है, प्रबन्ध करने वाले है वे सरकारी अफसर है। वे सब निकम्मे है, ठीक प्रबन्ध नही करते। पब्लिक सेक्टर बराबर बदनाम हो रहा है। यह एक सफेद हाथी हो गया है। पूरे देश की सम्पत्ति को खाता रहता है जिससे महगाई बढ़ती जाती है। मेरा निवेदन यह है कि महंगाई बढने का कारण काला धन है। मै आपको बताना चाहता हूं 5 हजार करोड रुपये की पैरलल इकोनोमी हमारे देश मे है। भ्रष्टाचार का यह हाल है कि हमारी सम्पत्ति जो विकास पर खर्च होनी चाहिए वह सम्पत्ति किसी न किसी प्रांत के दो-तीन निजी जेबो मे जा रही है। वह निजी जेब सरकार मे मिले हुए है, सरकारी पार्टी से मिले हुए है। महंगाई का मुकाबला करना चाहते है तो मैं कहना चाहता हू कि सेन्ट्रल हाल मे बुलाइये कांग्रेस पार्टी के लोगों को। उनसे कहिये कि इस सूखे के मौके पर, संकट के मौके पर आप शपथ लीजिए, अगर आप हमे भी बुलाना चाहते है तो हम को भी बुला लीजिए। हम आपके साथ है। हमारे हाथ मे खाने-पीने का काम नही है। हम शपथ लेते है कि अगर आप अपने सदस्यो को, मैम्बरों को शपथ

5.00 P M.

[श्री शरद यादव]

दिला दे तो मै सोचता हूं कारगर कदम होगा ।

आप कहते है पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को ठीक करेंगे । लेकिन मै कहना चाहता हूं कि यह आपके बसका नही है । जमाखोरो को आप पकडेंगे नही, उनके ऊपर कोई कार्रवाई आप करेंगे नही । कांग्रेस पार्टी के बहुत सारे लोगों को, इस पार्टी के अधिकाश कार्यकर्ताओ को पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम मे लगाया हुआ है । क्या आप उनको ईमानदारी के रास्ते पर ले जायेंगे ? (**समय की घंटी**) मैं चार दिन से बैठा हूं । मुझे थोडा टाइम और दे दीजिए । मै अपनी दो-चार बात कह कर समाप्त करता हूं । तिवारी जी यहा बैठे हुए है । उनको दो-तीन सुझाव देकर समाप्त कर दूगा ।

आप अपने सदस्यो को सच्चा, ईमानदार बनाने का प्रयास कीजिए । यदि आपको लगता है हम आपके साथ आये तो हम आपके साथ कसम खाने को तैयार है । हम ईमानदारी और सच्चाई के साथ मुकाबला करेंगे । बगाल में फैमिन पडा था । उस फैमिन मे अनाज बहुत था, इतिहास पुराना उठाकर देखेंगे तो पता चल जायेगा लेकिन लोग भूख से मर गये । इस देश मे अनाज का भंडार है । कल भगत जी भी कह रहे थे कि बाहर से भी अनाज मगाने वाले है । 1.5 मिलियन टन अनाज आप आयात करने वाले हैं । रूस के साथ आपने अनुबंध किया भी है । आप बाहर से अनाज मंगाना चाहते है । इसी के साथ आडिबल ऑयल की समस्या भी हल नही हो रही है । मै कहना चाहता हू कि आपके सारे उपाय हंगाई बढाने वाले है । बंगाल में फैमन पडा था तो लोग छटाक-छटाक अनाज तक की माग कर रहे थे । आप पता लगा लीजिए उस जमाने में क्या हालत थी । बंगाल के फैमिन में जो लोगो को मजदूरी मिलती थी वह बहुत कम मिलती थी । वह उससे आज भी नही खरीद सकते है । अनाज भी देख लीजिए कि छ. महीने पहले जो मजदूरी मिलती थी और आज जो मिलती है उसमे बहुत फर्क है । वह अब भी उस मजदूरी से अनाज नही खरीद सकता । एक-दो किलो अनाज भी नही खरीद सकता यह हालत हो गयी है हमारे देश की । हमारा देश कंगाल और लाचार है । इसकी कहावतें भी लाचार और कगाल है । इन कहावतो को भी लकवा मार गया है । वे सूख गयी है । इस देश मै कहावत थी कि किसी से पूछिये कि कैसे हैं भई, तो वह कहता था नमक रोटी खा रहा हूं बढ़िया । दाल रोटी चल रही है मजे मे । यह अब कहा जाता है मै कहना चाहता हू कि कहावतो को भी लकवा मार गया है । लाचार हो गयी है कहावते, बेबस हो गयी है कहावते । आज नमक भी दो रुपये किलो मिलता है । आजादी के पहले के और आजादी के बाद के दामो को लीजिए । पता लगेगा कितने दाम बढ़ गये । अब लोग कहते है रोटी चटनी खा रहे है । चटनी जिससे बनती है उस प्याज की कीमत भी पाच रुपये किलो है और छ रुपये किलो हरी मिर्च है । मिर्च महगी हो गयी तो चटनी नही बनेगी । यहां रोटी और चटनी भी महंगी है । दाल 11 रुपये किलो हो गयी यानी रोटी और दाल भी नही खा सकते । दाल 11 रुपये किलो हो गयी ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : आप समाप्त करिये ।

श्री **शरद यादव** : चटनी महगी है, नमक महगा है, दाल महगी है, चटनी रोटी महगी है, नमक रोटी महगी है और दाल रोटी महगी है । महगाई यहा तक पहुच गई है । माननीय तिवारी जी आप कहते है कि इस बार भूख से कोई नही मरेगा । अन्न का बहुत बडा भंडार है आपके पास । लेकिन मैं आपसे पूछना चाहता हू कि उस अन्न के भंडार को जो आपके पास है, उसको कैसे बांट पाओगे क्या इन्फ्रास्ट्रक्चर है । क्या आपका पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम इतना सशक्त है जो वह बांट पायेगा ? मै ऐसा नही मानता हूं । महोदय, जिस तरह से इन चीजो को पुराने रवैये और ढर्रे पर आपने चलाया है इसके चलते

ऐसा मानने के लिय मै तैयार नही हूं। कल यदि मान लिया जाय कि पिछले साल की तरह कोई सकट खडा हो जाय, ईश्वर न करे कि ऐसा हो तो आपके इस पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के सहारे मै यह मानता हूं कि आप भी डूबोगे और देश भी डूबेगा ऐसी महगाई बढ़ने वाली है। **(समय की घंटी)**

महोदय, आप बार-बार घटा बजा रहे है।

उपसभापति (श्री हेच० हनुमनतप्पा) आपकी पार्टी का एक मिनट का समय था, 16 मिनट हो गय।

श्री शरद यादव . इन शब्दो के साथ मैं आपसे निवदन करना चाहता हूं कि जिन कारणो से महंगाई बढ़ी है उनका आप मुकाबला करिये। जब तक आप इसको रोकने के लिय कारगर कदम नही उठायेगे आप इसमे सफल नही हो सकते। आपका पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम ठीक नही है, कज्यूमर मूवमेट तत्काल ठीक नही हो सकता है इसलिये आप दूसरे उपायो की तरफ निगाह डालिये, तभी आप इसके लियें कोई रास्ता निकाल सकते है। इन शब्दो के साथ आपने जो मुझे ज्यादा समय दिया उसके लिये आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI SANTOSH KUMAR SAHU (Orissa): Mr. Vice-Chairman, Sir, at the outset, I thank Mr. N E Balaram and others who have brought this very critical issue for discussion before the House. Sir, there is no doubt that this country is passing through a very critical phase of price rise since July, 1987 coupled with natural calamities like the worst drought and the severe floods in some of the States But, Sir, what I say is that I have been hearing from the beginning and I do not agree with the prophets of doom or disaster. I say we require now all the courage to meet the crisis Only the same note of disaster or doom may sometimes discourage the groundworkers who are trying to fight that out So my humble suggestion would be now let us see what sort of natural calamities we are facing, what the problems are today what the problems is of price rise. Let us have a critical analysis.

Sir, we have seen the reports and one of the most eminent economists, Mr. Swaminathan has said that in the rice-growing areas of Asia drought and flood ravages have caused a great damage and India is likely to suffer a damage of 20 million tonnes of rice And the FAO has also said that a 5 per cent increase or decrease in the production of the developing countries of the world creates a great problem for the economy to manage. And the price rise Sir, is so high that the marginal people and the poor people suffer very much. Thanks to our sound economic management, we had a buffer stock of 23 million tonnes of cereals as a result of which up till now we have not become so critical as it was in other countries today. But at the same time I would like to say that we have to take a cautious note for the future. Suppose we have depleted 23 million tonnes reserve of foodgrains and the crop also failed in future, how can we build up the confidence, how can we feed the teeming millions of people in the country in future? And absolutely the impact of price rise this year is very much on the poor people and they have no purchasing power because of the ravages of drought and floods So I would say that at the same time we have to gear up all the rural development programmes. NREP, etc The people who depend upon agriculture, who are 70 per cent of the population, have no purchasing power to get the daily essential supplies.

Now coming to the other point. Sir if we analyse the price stituation in our country, there is a continuous rise of prices from year to year from the beginning of planning That is one aspect. And there is a periodical rise in a particular period of time, from July to November, every year. Now we have come to this critical situation Sir it is true that in a developing economy there is a certain

[Shri Santosh Kumar Sahu]

expected rise in prices to some extent But if necessary steps are not taken to check them there will be a great deal of misery to the common man because this price rise will affect the common man more than the other categories.

Then, Sir, I would like to tell you and through you to the Government that the Reserve Bank had earlier in its Annual Report of 1986-87 cautioned the Government that during 1987-88 there will be a fall in production of both agricultural goods and industrial goods and also that there will be certain inflationary trends, which the Government should manage skilfully so that not much damage is done to the Government's economic policy These things are on record

Then Sir, it is necessary that we see the other side also. It is true that the rice-growing areas have suffered These rice growing areas have been affected either by floods or by drought But floods and drought are not a new phenomena in this country These affect our country in a cyclic order. What we require is dynamic planning if we want to overcome these cyclic disasters In every decade two or three such droughts and floods hit our country and these very badly affect our economy What is necessary is that we must have a periodic planning to meet these eventualities That is the sign of a sound economic policy One of the ways by which this can be done is by laying stress on more high-yielding varieties of paddy, alternative crop pattern production and dryland farming and also water management These things should have been thought of much earlier so that these droughts and floods could not have created such a havoc in the economic life of our country.

Sir, coming to the question of pulses, we have seen that this year the production will be less than that of last year. It will fall short by five to six lakh tonnes Now you can see, for example, the case of edible oils. We have seen the Supply Minister saying that they are trying to import something from outside. But this is not reaching the rural poor. Through the PDS we are trying to improve the supply position. The common man is hard hit. The price of mustard oil has gone up by more than 40 per cent Similarly the prices of groundnut oil and other edible oils have risen very high The question is why these essential items, like edible oils, which are poor man's food they have to take a little quantity of these things, why not have a better public distribution system for them? Why has the public distribution system failed today? The question is whenever we think of improving the public distribution system, only then a crisis comes We though during Chinese War in 1962 that the Consumer moment the PDS moment, will be improved We very much wanted to improve them. Then drought and calamities came and .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H HANUMANTHAPPA): Please conclude now.

SHRI SANTOSH KUMAR SAHU: I have just begun only. Please give me some more time.

Sir, I say that if inflation is not contained the benefit of planning, the benefits of enonomic policy will not be visible, and prices will eat away everything and it will make poor man's like dry they will suffer immensely So Sir I would like to emphasise on you and through you that the price policy, the overall price policy, is related to the level of the economic policy of the country the fiscal policy, monetary policy and other welfare measures of the Government If we want that the pricing policy has to play a very effective role in the instrument of the economic policy of the Government we have to see that this is done effectively

Sir, I was seeing into the various reports. In 1964, there was the Jha Committee Report for fixing the

price of wheat and rice. Now, the FCI was created in 1976. Then we set up the Bureau of Costs and Industrial Prices. Then the MRTP was set up. But all of them look into singular aspects only. There is not an integrated scheme to control price policy. We should have a coordinated effort. It is necessary as they have in other countries like France where they have a National Price Policy Commission. So also they have in the U.K. Like that it is necessary that there must be a price commission in our country also which will look into the cost effectiveness of production and also the selling price and also to see to its implementation There have to be permanent measures. Ad hoc measures will not improve our economic position and we cannot meet the challenges posed by the price rise, the drought and the floods.

As many hon. Members pointed out, the Reserve Bank of India has also said that there may be industrial recession, and the Reserve Bank has forecast that the GNP will come down to 1.7 per cent. So, in the coming years it would be a critical stage We have to build up our economy; we have to build up food reserves and we have to see that the purchasing power of the poor man improves so that he is able to buy essential commodities. For that, we have to streamline our administration. We have to make our public distribution system a thorough system so that the poor people can survive.

Then, Sir, rural employment programmes has to be geared up and we have to work towards industrial growth and stability which is very essential for our economic growth. without which we may not succeed. These are very important issues faced by us due to price rise and I hope it will be effectively tackled both by the Central Government and the State Governments. It requires a national perspective where all the parties must also cooperate. This is a problem which can be tackled keeping in mind our national goal and if we have the cooperation of everybody, we can solve this problem as we have crossed many periods of struggle, and I am sure we will be able to solve this problem as well. Thank you.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu and Kashmir). I rise to speak on the subject of price rise. In the first instance, I may have to make an observation that our country is a continent in itself. The latest figures given by the Reserve Bank of India indicate that the average inflation rate in the developing countries is to the order of 42 per cent, whereas we have been able to contain it within 10 to 2 per cent. This is not a small achievement by itself. We have also to keep in mind the fact that we have not had a single case of starvation death so far in the country. This needs to be kept in view while we are discussing the situation of price rise.

But, Mr. Vice-Chairman there are some grey clouds on our horizon. The majority of our populace consists of lower middle classes and lower class people. We have to concentrate on the price situation in respect of 10 or 11 essential commodities. These include cereals, edible oils, pulses, vegetables, cloth and one or two other things The point at issue is that with regard to edible oil for instance, the hon. Minister of Civil Supplies is not here, only the day before yesterday, I was just in the lobby and Mr. Ram Chandra Vikal was there. I asked him whether he takes rice. He said, no I never take rice. We people from UP take only wheat. You may take the case of people from Kashmir. We take rice both times. Such factors ought to be taken into consideration I have to bring to the notice of the Government a very startling situation. This morning at 9 O'clock, I heard the news from the All India Radio and the news gave me great alarm. It said that in Haryana, 11.7 lakh tonnes of rice had come to mandis and out of that, only 1.1 lakh tonnes have been procured by the

[Shri Ghulam Rasool Matto]

Government. You can understand that—as the Minister has also said—while the situation with regard to wheat is comfortable...the situation in regard to rice is not comfortable. We may have to resort to imports also. The reason is obvious. (*Time bell rings*) Sir, I have just started.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Please try to conclude.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: I am only making pointed references. Interruptions take away my time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H HANUMAN THAPPA): There are no interruptions.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: Sir, the point is. when a farmer in Haryana gets Rs. 2 35 per kg. of paddy from Private Traders, why should be sell it at Rs. 1 69 or so? This is a subject which you have to attend to.

By God's we have a buffer stock. If we had not the buffer stock, what would have been the position? God forbid if we do not have good monsoon next year also. In that case, our buffer stock will get further deplated. We should take every care to see that the buffer stock is maintained. It should be maintained at a reasonble level.

I have with me a statement which says that the Planning Commission has two objectives before it. The first is to contain inflation. The second is in regard to the balance of payments position. These are the two objectives. These are the two directives given by the Finance Minister as well. The Prime Minister is on record having said that the deficit of Rs. 5850 crores will not be exceeded. There has been an unprecedented drought We have tried to raise some resources by way of additional taxes etc. I would request the hon Minister to see to it that the deficit does not exceed this limit, except, of course, when there are unavoidable situations. If we exceed this limit, naturally, the inflation rate will shoot up and we cannot stop it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA). Please conclude.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: The hon. Minister is in charge of both the Finance Ministry and the Commerce Ministry. The second objective which I mentioned is relevant here. The trade deficit is of the order of 9,000 crores. This is a matter of concern. I think, the new import-export policy is on the anvil. I believe the present policy is valid up to 31st March, 1988. Never mind if it ends later. You can scrap it even now. In view of the tight foreign exchange situation, I would request the hon. Minister that there should be no such thing as Open General Licence. This should be scrapped. Here, we have to understand one point. As against exports, we are allowing people to import raw materials. If a particular person who has obtained an Import Licence is a Manufacturer or an exporter only, he can sell that licence in the market. Those persons who are in need of more raw materials can buy the Replenishment Licence and make good their requirements. But to have an Open General Licence and to spend free foreign exchange on import of raw materials is not possible. You have to restrict it. You have to do something about it. You cannot allow unrestricted or unregulated import of these items.

Now, Sir, about edible oil Earlier, I wanted to mention it but I was speaking in the context of wheat and rice. The point that I want to make is, in West Bengal and other eastern parts, they want only mustard oil. They do not want any other oil. Mustard oil is a very important ingredient of essential commodities for them. There may be other more nutritious oils but these people prefer only mustard oil. Now, if the Government allocates mustard oil to vanaspati manufacturers, the whole balance would be up-

set Therefore, I request that allocation of mustard oil to vanaspati manufacturers should be immediately stopped When they are getting palm and other oils, why should they get mustard oil also?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Malaviya. Mr. Matto, I am sorry. We have to conclude the discussion today and there are a few more speakers.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: Sir, I hope the hon. Minister will take into consideration the points I have made.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) . *माननीय उपाध्यक्ष जी*, जो हमारे देश की अर्थव्यवस्था है, लगता है वह लाईलाज है क्योंकि न केवल इस वर्ष बल्कि पिछले तीन वर्षों मे लगातार जो दैनिक उपयोग की चीजे है, आम आदमी के खाने-पीने की चीजें है, दाल है, सब्जी है, दूध है या दूध मे बने अन्य पदार्थ है, खाने का तेल है, चीनी है, नहाने का साबुन है, कपड़ा धोने का साबुन है, सब की कीमतो में लगातार वृद्धि हो रही है । इसके पीछे हमारी समझ मे जो बात आती है, वह यह है कि जो आज बहुत से कानून है, जिसकी चर्चा कल माननीय भगतजी ने की--जैसे इसन्तियल कमोडिटीज एक्ट, 1955 है, उसके बाद चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, 1986 या जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली है या सहकारी समितियों के जरिए जो बहुत सी चीजें आम आदमी को बेचने की व्यवस्था है, उनका सचालन, मान्यवर, ठीक नही हो रहा है । आज केवल महंगाई ही नहीं बढ़ रही है बल्कि बहुत सी ऐसी भी चीजे है जो आम आदमी को मिल नहीं रही है । इसका एक कारण और भी है कि जो रुपए की क्रय-शक्ति है, उसका, बराबर अवमूल्यन हो रहा है । जुलाई 1985 में रुपए की कीमत 16.55 पैसे हो गयी थी, जुलाई 1987 में घटकर 15.20 पैसे रह गयी और अगस्त, 1987 में यह घटकर 13.6 पैसे हो गयी है । इस प्रकार जो रुपए का अवमूल्यन हो रहा है और जो रुपए की क्रय-शक्ति बराबर घट रही है, उसको रोकने मे सरकार असमर्थ रही है ।

मान्यवर, थोडी बहुत महंगाई होती है तो उससे सबसे ज्यादा तकलीफ जो नौकरीपेशा लोग है, जिनकी छोटी आमदनी है, उनको होती है, उनको इसका कष्ट भोगना पड़ता है । आप महंगाई बढ़ा देते है, इससे जो उनकी क्रय-शक्ति है वह बढ़ नही जाती है क्योंकि जितनी बाजार मे आवश्यक चीजे है, उनमे कीमतो मे वृद्धि होती है और जब महंगाई और बढ़ा देते है तो ले-देकर सब बराबर हो जाता है । मेरी राय इस बारे मे यह है कि एक राष्ट्रीय दाम नीति तय हो जानी चाहिए । जब तक यह तय नही होगी और जिन कानूनो की कल भगत जी ने चर्चा की, उनका कड़ाई से पालन नही किया जायेगा, इसका कोई प्रभाव नही होने वाला है ।

मान्यवर, यह एक स्टडी रिपोर्ट है । इसमे चर्चा की है कि जिस तरीके से चीजों की कीमते बढ़ी है, यह अप्रैल, से लेकर सितम्बर तक की रिपोर्ट है—

During the period April to September 1987, there was a sharp rise of 32.0 per cent in the commodity group of edible oils.

केवल खाने के तेल में इस स्टेडी रिपोर्ट के हिसाब से 32 परसेंट की वृद्धि हुई है, लेकिन जो बाजार की हालत है, उसके हिसाब से 40 परसेंट की वृद्धि हुई है ।

Other groups which showed similar increase include oilseeds 30.6 per cent, fibres 51.1 per cent, pulses 12.6 per cent milk and milk products 12.3 per cent food articles more than 6 per cent.

मेरा, मान्यवर, इस सिलसिले मे सुझाव यह है कि जो यह दिल्ली है, यहां पर तो कुछ व्यवस्था है, लेकिन जो दुरूह इलाके है, छोटे-छोटे जिले है, सुदूर गांव है, वहा सस्ते गल्ले की दुकाने तो है, लेकिन सामान लोगों को उपलब्ध नही होता है । लोग राशन-कार्ड लेकर वहां जाते है, तो उनको आवश्यक चीजें,

[श्री ह. प्र. च मालवीय]

दनिक उपयोग की चीजे नही मिलती है। इसलिए मेरा निवेदन है कि जिस राइट की आपने चर्चा की थी, कज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट बना है, तो यह कंज्यूमर प्रोटेक्शन 6 एक्ट के अतर्गत इस बात का प्रावधान था कि रूल्स बनेंगे और साल भर हो गया इसको पास हुए, लेकिन आज तक कज्यूमर प्रो न एक्ट के अंतगत रूल्स नही बने है। इस तरह से जो कानून पास किया गया है, उसका कार्यान्वियन नही हो रहा है ।

मान्यवर, मेरा निवेदन है कि केवल दिल्ली पर ही निगाह न रखी जाय बल्कि जो ग्रामीण इलाके है, जो शहरी इलाको मे छोटे-मोटे कस्बे है, मोहल्ले है, वहा पर भी आम आदमी को दैनिक उपयोग की चीजे मिल सके, उपभोक्ता उसका लाभ ले सके, इस ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए ।

मान्यवर, एक बात और कहनी है, हमारे देश मे फिजूलखर्ची बहुत ज्यादा है। पहले इस देश मे जापान महोत्सव हुआ, अब सोवियत महोत्सव हो रहा है, अतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला चला है इसमें करोड़ो करोड़ रुपया खर्च हो रहा है । इसके लिये मेरा निवेदन है कि जब इस देश मे भयकर सूखा पड़ा हुआ है और जैसा कल माननीय गुरुपदस्वामी जी ने कहा कि सवा सौ साल मे इतना जबरदस्त सूखा नही पड़ा, जितना सूखा इस वर्ष पडा है, तो इस प्रकार की फिजूलखर्ची पर रोक लगाए क्योकि इस प्रकार की फिजूल खर्ची करके आप केवल गरीब आदमी को तकलीफ देने का, कष्ट देने का काम कर रहे है। इसके कारण निरन्तर चीजो की कीमतें बढ रही है और किस कद्र कीमतें बढ गयी है, इस ओर मैंने सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। खाने के तेल की कीमत में 40 प्रतिशत से लेकर 45 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है ।

मान्यवर मै एक उद्धरण पढ़ रहा था, जनवरी, 1985 मे जब वर्तमान प्रधानमंत्री सत्ता मे आए तो उस समय सरसो का तेल कितना था, आज सरसो का तेल 32 रुपए से लेकर 38 रुपए प्रति किलो है। इसी तरह से रिफाइड तेल जो 27 रु० मे उपलब्ध था आज 42 रुपए से लेकर 50 रुपए के बीच मे उपलब्ध है। वनस्पति तेल 20 रुपए 25 पैसे था और इस समय 30 से 35 रुपए मे उपलब्ध है। इसी प्रकार से दाल जिसे कि गरीब-से-गरीब आदमी खाता है जो साढे 5 रुपए थी उसकी कीमत आज 12 से 15 रुपए किलो हो गयी है। यही हाल चावल, नहाने और कपड़ धोने के साबुन की हालत है। इसलिए मेरा निवेदन है कि दामो को नियत्रित किया जाय और गरीब आदमी को सामान उपलब्ध कराने की कोशिश की जाय। आपके सुपर बाजार है, सस्ते गल्ले की दुकाने है या सहकारी बाजार की दुकाने है--उनमे गरीब को सामान मिलना चाहिए, लेकिन

[उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : बैठ सीन हुए]

नही मिल रहा है बल्कि सरकार अपने कानून मे ब्लैक मार्केटियर्स को उपलब्ध करा रही है। मान्यवर, क्या वजह है कि आज सीमेंट दो दामों मे मिलता है। अगर परमिट मिल जाय तो सीमेंट की कीमत कम और अगर ओपन मार्केट से ले तो ज्यादा । उसको भी आपने वैधता प्रदान कर दी है। इसी प्रकार चीनी अगर कन्ट्रोल की दुकान मे जाइए तो एक कीमत है और ओपन मार्केट मे जाइए तो दूसरी कीमत है। इसलिए मेरा निवेदन है कि सरकार की यह जो दोहरी दाम की नीति है इसे समाप्त करना चाहिए। कोई भी चीज हो उसकी एक कीमत होनी चाहिये चाहे कंट्रोल की दुकान मे मिले या ओपन मार्केट मे। आपकी इस नीति से कंट्रोल की चीजे चोर-बाजारी मे चली जाती है और इसे बढावा मिलता है । इसलिए मेरा निवेदन है कि आपको आम आदमी के चीजे सस्ते दामों पर उपलब्ध कराने के लिए कडे कदम उठाने चाहिए। धन्यवाद ।

कुमारी सईदा खातून (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आभारी

हू कि आपने मुझे मूल्य वृद्धि के सम्बन्ध में हो रही इस चर्चा में बोलने का मौका दिया । मै इस सम्बन्ध मे अपने कुछ सुझाव देना चाहूंगी ।

अभी यहां बहुत से वक्ताओं ने कहा कि हमारे देश की कृषि उपज बढायी जाय । अगर हम हमारे देश की उपज बढाते है तो इससे मूल्य वृद्धि मे भी बढ़ावा आएगा क्योंकि अगर चीनी के दाम बढ़ा दिए जाएं तो ये गन्ने के दाम बढ़ाने की बात करते है । और अपोजीशन वाले ये बात करते है कि एक रुपया चावल हम बेचेंगे और हाउस मे ये चर्चा करते है कि हमारे देश की कृषि उपज है उसको ज्यादा-से-ज्यादा रेट्स मे बेचा जाय । तो मेरा सुझाव यही है कि कृषि उपज के मूल्य मे वृद्धि न कर के कृषि उपज के लिए उपयोग मे आने वाली वस्तुए जैसे-- बीज है, खाद है और सिंचाई के जो साधन है, बिजली है– वह सस्ते कर दिए जाने चाहिए । इससे उन लोगों को कृषि उपज मे ज्यादा-से-ज्यादा प्रोफिट मिलेगा और इस तरह ज्यादा प्रोडक्शन करके फसल को यदि किसान कम भाव पर भी बेचेंगे तो वह मूल्य वृद्धि नहीं कही जाएगी ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अपोजीशन की ओर के एक दो वक्ताओं ने यही कहा है कि मूल्य वृद्धि बढा दी गयी है । तो मै कहना चाहूंगी कि वे उस जमाने की बात का अंदाजा लगाएं कि उस जमाने मे वेतन कितना था । उस समय 10 रुपए एक कांस्टेबल को वेतन दिया जाता था, एक शिक्षक 20 रुपए वेतन पाता था । तो इस लिहाज से चीजों के दाम भी सस्ते थे । लेकिन आज तो हजार, पन्द्रह सौ रुपए तक वेतन दिया जा रहा है । इधर आप वेतन बढ़ाने के लिए हड़ताल करते है, उत्पात करते है और पार्टी को बदनाम करते है ।

इन्ही शब्दो के साथ मै अपनी बात समाप्त करती हूं । धन्यवाद ।

†[کماری سعیدہ خاتون (مدھیہ پردیش) : مانیہ اپ سبھا ادھیکش مہودے- میں آبھاری ھوں کہ آپ نے مجھے قیمتوں میں اضافہ کے سمبند میں ھورھی اس چرچا میں بولنے کا موقع دیا- میں اس سمبند میں اپنے کچھ سجھاؤ دینا چاھتی ھوں-

اڈی یہا بہت سے وکتاؤں نے کہا کہ ھمار دیش کی کرشی اپج بڑھائی جائے- اگر ھم ہمارے دیش کی اپج بڑھاتے ھیں تو اس سے قیمتوں کے اضافہ میں چڑھاوا آئیگا کیونکہ اگر چینی کے دام بڑھا دیئے جائیں تو یہ گنے کے دام بڑھانے کی بات کرتے ھیں- اور اپوزیشن والے یہ بات کرتے ھیں کہ ایک روپیہ چاول ھم بیچیں گے اور ھاؤس میں چرچا کرتے ھیں کہ ھمارے دیش کی کرشی اپج ھے اس کو زیادہ سے زیادہ ریٹس میں بیچا جائے- تو میرا سجھاؤ یہی ھے کہ کرشی اپج کی قیمت میں اضافہ نہ کرکے کرشی اپج کے لئے اپیوگ میں آنے والی وستوئیں جیسے- بیج ھے- کھاد ھے اور سچائی کے جو سادھن ھیں- بجلی ھے وہ سستے کردئے جانے چاھئے- اس سے ا لوگوں کو کرشی اپج میں زیادہ سے زیادہ پروفٹ ملے گا- اور اس طرح زیادہ پروڈکشن کرکے فصل کو کو اگر کسان کم بھاو پر بھی بیچیں

†[ ] Transliteration in Arabic script.

[کماری سعیدہ خاتون

گے تو وہ قیمتوں میں اضافہ نہیں کہا جائیگا -

اب سبھا ادھیکش مہودے-
اپوزیشن کی طرف سے ایک دو
وکتاؤں نے یہی کہا ہے کہ قیمتوں
میں اضافہ بڑھادیا گیا ہے- تو میں
کہنا چاہونگی کہ وہ اس زمانے کی
بات کا اندازہ لگائیں کہ اس زمانے میں
ویتن کتنا تھا - اس وقت ۱۰ روپئے
ایک کنسٹیبل کو ویتن دیا جاتا
تھا - ایک شکشک ۲۰ روپئے وہ ن
پاتا تھا - تو اس لحاظ سے چیزوں
کے دام بھی سستے تھے- لیکن آج تو ہزار
پانچ سو روپئے تک ویتن دیا جارہا
ہے - ادھر آپ ویتن بڑھانے کیلئے
ہڑتال کرتے ہیں - اتپات کرتے ہیں
اور پارٹی کو بدنام کرتے ہیں -

انہیں شبدوں کے ساتھ میں اپنی
بات سماپت کرتی ہو - دھنیہ وا -]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI). Mr. Nirmal Chatterjee-

SHRI NIRMAL CHATTERJEE (West Bengal): Sir, how many minutes will you give me?

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: Sir, the Finance Minister can reply tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No, today only. He is the last speaker He will take five minutes.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: Sir, Mr. Matto loves me very much. He wants me to consume the rest of the time. But I have a meeting at six and I have to go.

Sir, I have heard the discussion with a good deal of interest. A few things seem to have escaped the attention of the House. I want to bring them to the notice of the House and I want the Finance Minister to respond to them.

The most surprising thing is the causes. One of the most serious things that is happening in the country now is that the cost of living index of the agricultural labourers is rising fastest. This is not being noted. As it is, the cost of living index of the industrial workers is rising and touching two digits. I will give you a figure as on October. The growth in the consumer price index of agricultural labourers is fantastic. It is terribly high over the last few months. Now, what does it mean? It means, precisely at this time, because due to the drought the agricultural labourers are having no income, all that is reaching them is rising at a fantastic rate. This is one aspect.

I will now draw your attention to the second aspect. Everybody has said that your administered price policy is creating a problem Now what the dimension of the problem is, you can imagine. It is not that the administered prices are rising now. They are not. But if the average is 407 with 1970-71 as base, every other heading is less than the wholesale price index of 407 excepting for the goods with administered prices. They have crossed 600 So, the role that the Government is playing in raising the prices is indicated in this.

The point is, during the discusson on drought, I had drawn attention to this that we do not characerize the drought as a nature-made thing. Government's policies have contributed to it. One aspect of this I want to draw your attention to is: Are you aware, or has it ever been told by our Agriculture Ministry, that our agriculture, with the kind of increase in inputs of fertilizers, etc, that you have made, is not yielding as much? Are you aware that despite the increase in productivity, the increase in output is not commensurate with the input that you are putting in? It is one of the most inefficient agricultures in the world. With the same kind

of inputs, many other countries are having a larger degree of productivity. This is a hard fact. Why so?

Sir, I won't consume your time by giving figures I have got the statistics of almost all these countries. In such countries, those who actually till the soil, those who have genuine interest in the output from agriculture are given this aid and not the renters. It is for this reason, in order to raise agricultural productivity, further, that we are repeatedly insisting that land reforms are a must.

